70 विद्यार्थियों को मिलेगा फतहसिंह सम्मान

उदयपुर. महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउण्डेशन ने शैक्षणिक, सह शैक्षणिक एवं खेल क्षेत्र में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को देय महाराणा फतहसिंह सम्मान की सूची शुक्रवार को जारी कर दी। इसके तहत वर्ष 2012-2013 एवं 2013-2014 में श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए 70 छात्र-छात्राओं को आगामी 22 मार्च को 33 वें महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन वार्षिक अलंकरण सम्मान समर्पण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। संयोजक डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की अखिल भारतीय उच्च माध्यमिक परीक्षा में विशेष उपलब्धि के लिए विज्ञान संकाय में दिल्ली पब्लिक स्कूल की अनुष्का झोटा, एमडीएस पब्लिक स्कूल के यश गुप्ता, सेंट मेरीज कॉन्वेंट स्कूल की सलोनी सिंह, नैना भूषण, वाणिज्य संकाय में महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल की खुशबू लढ़ा, सेंट मेरीज कॉन्वेंट स्कूल की अंशु कटारिया, द स्टडी उच्च माध्यमिक विद्यालय की रुखसाना बानू खाखेर वाला, श्रेया जागेटिया, सेंट ग्रेगोरियस उमावि के शुभम गुप्ता, कला संकाय में सेंट्रल पब्लिक उमावि के हर्षित शर्मा, सेंट मेरीज कॉन्वेंट स्कूल की वैदेही पानेरी, माध्यमिक परीक्षा में महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल की शैली कोठारी, सचिन गोयल, सेंट मेरीज कॉन्वेंट स्कूल की चारवी नाहर, सेंट एन्थॉनी उमावि की गर्विता बापना को महाराणा फतहसिंह सम्मान (सत्र 2012-13) दिया जाएगा। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उच्च माध्यमिक परीक्षा में विशेष उपलब्धि के लिए विज्ञान संकाय में गुरु नानक उमावि की लेखिका पालीवाल, माध्यमिक परीक्षा में चारुल मेहता, जोन्टी पूर्बिया, नोबल्स इंटरनेशनल मावि के गीतांशु छाजेड़, खेल-सहशैक्षिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियों में सेंट मेरीज कॉन्वेंट स्कूल की प्रियदर्शिनी शर्मा, सेंट मेरीज कॉन्वेंट स्कूल की उगोचिनेयरी तान्या उसो, केन्द्रीय विद्यालय-1 की अर्पिता जैन, सेंट एन्थॉनी उमावि के मुदित बाबेल, महाराणा फतह सिंह विशिष्ट सम्मान राणा प्रताप उमावि भीण्डर के अली असगर बोहरा को दिया जाएगा। महाराणा फतह सिंह सम्मान (सत्र 2013-14) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की अखिल भारतीय उच्च माध्यमिक परीक्षा में विशेष उपलब्धि पर विज्ञान संकाय में एमडीएस पब्लिक स्कूल के कुशल बाबेल, सेन्ट्रल अकादमी उमावि की मनाली मूंदड़ा, सेंट ग्रेगोरियस उमावि के चिन्मय माहेश्वरी, सेंट एन्थोनी उमावि के धीरज सेजवानी, महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल के ऋषभ पोखरना, वाणिज्य संकाय में सेंट ग्रेगोरियस उमावि की ऐश्वर्या विजयवर्गीय, खुशवर्द्धन बोहरा, जयेश वया, आलोक उमावि की सुहानी दोशी, सेन्ट्रल अकादमी उमावि की अंजलि चपलोत, सेन्ट्रल अकादमी उमावि की मुजतबी नजर सुल्तान, महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल की किंजल पंड्या, तरुण सहलोत, सेंट मेरीज कॉन्वेंट उमावि के मृणाल तलेसरा, सेंट मेरीज कॉन्वेंट उमावि की आंचल मनावत, सेंट एन्थोनी उमावि की गौरी जोशी, द स्टडी उमावि के पार्श्व कर्णावट, कला संकाय में सेंट मेरीज कॉन्वेंट स्कूल की प्रज्ञा झाला, अदिति सान्दू, इशा परियानी, सेंट ग्रेगोरियस उमावि की सुरुचि श्रीमाली, अखिल भारतीय माध्यमिक परीक्षा में सेंट पॉल्स उमावि के कुणाल प्रताप सिंह, सेंट एन्थॉनी उमावि के दिव्यम बापना, सेंट मेरीज कॉन्वेंट स्कूल की मानसी अग्रवाल, सेन्ट्रल अकादमी उमावि के अभिषेक तलेसरा, हर्ष कल्याणी, सेंट मेरीज कॉन्वेंट स्कूल की प्रगति मेहता को दिया जाएगा। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उच्च माध्यमिक परीक्षा में विज्ञान संकाय में राजकीय कन्या उमावि रेजिडेंसी की वर्षा नागदा, राजकीय कन्या उमावि जगदीश चौक की फातिमा, वाणिज्य संकाय में आलोक उमावि फतहपुरा की प्रतिभा वर्मा, गुरु नानक उमावि सेक्टर-4 की मनाली रामेजा, रक्षिता मास्ता लोहार, राजकीय फतह उमावि के हेमन्त कुमार अग्रवाल, संत तरेसा आश्रम कन्या उमावि पुष्पगिरी की शिखा साहू, दिगम्बर जैन कन्या उमावि खेरादीवाड़ा की पायल राजौरा, कला संकाय में ज्योति उमावि फतहपुरा की हर्षिता राव, राजकीय कन्या उमावि रेजिडेंसी की प्रियंका नन्दवाना, राजस्थान महिला परिषद् बालिका उमावि की धीरज सोलंकी, माध्यमिक परीक्षा में अभिनव उमावि की मोनिका कंवर शक्तावत, ज्ञान मंदिर उमावि सेक्टर-4 की निशा यादव, गुरु नानक उमावि के आकाश शर्मा, हर्ष गुप्ता, खेल गतिविधियों में महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल के चेतन सिंह पंवार, आलोक उमावि के मिहिर सोनी, भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल की नीलम वैष्णव, सहशैक्षिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियों में महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल की कात्यायिनी मुखर्जी को प्रदान किया जाएगा।